मैं सबसे छोटी होऊँ

Question 1.
बड़ी बनने का क्या नुकसान है?
(a) बड़ी बनने से माँ सदा साथ नहीं रहती
(b) बड़ी को कोई खिलौने नहीं देता
(c) बड़ी का कोई जन्म दिन नहीं मनाता
(d) बड़ी होने पर शादी कर दी जाती है

▼ Answer

Answer: (a) बड़ी बनने से माँ सदा साथ नहीं रहती

Question 2.
बच्ची किसके आँचल में छिपने की बात कहती है?
(a) चाची के
(b) धरती के
(c) माता के
(d) प्रकृति के

▼ Answer

Answer: (c) माता के

Question 3.
'गात' शब्द का क्या अर्थ है?
(a) शरीर
(b) गीला
(c) कीचड़
(d) वस्त्र

▼ Answer

Answer: (a) शरीर

Question 4.
'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता किसके द्वारा लिखी गई है?
(a) तुलसीदास
(b) अनु बंधोपाध्याय
(c) सुमित्रानंदन पंत
(d) शमशेर बहादुर सिंह

▼ Answer

Answer: (c) सुमित्रानंदन पंत

Question 5.
बच्ची सबसे छोटी होने की कल्पना क्यों करती है?
(a) छोटे बच्चों को सभी प्यार करते हैं।
(b) ऐसा करके अधिक दिनों तक माँ का सानिन्ध्य पाया जा सकता है
(c) छोटे बच्चे को सभी उपहार देते हैं
(d) केवल छोटा बच्चा ही अपना जन्म दिवस मनाता है

▼ Answer

Answer: (b) ऐसा करके अधिक दिनों तक माँ का सानिन्ध्य पाया जा सकता है

काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

मैं सबसे छोटी होऊँ,
तेरी गोदी में सोऊँ,
तेरा अंचल पकड़-पकड़कर
फिरूँ सदा माँ! तेरे साथ,
कभी न छोडूं तेरा हाथ!
बड़ा बनाकर पहले हमको
तू पीछे चलती है मात!
हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन-रात!
अपने कर से खिला, धुला मुख,
धूल पोंछ, सज्जित कर गात,
थमा खिलौने, नहीं सुनाती
हमें सुखद परियों की बात!
ऐसी बड़ी न होऊँ मैं
तेरा स्नेह न खोऊँ मैं,
तेरे आंचल की छाया में
छिपी रहूँ निस्पृह, निर्भय,
कहूँ-दिखा दे चंद्रोदय!

Question 1.
बच्ची सबसे छोटी क्यों होना चाहती है?
(a) छोटी होने से सोने के लिए माँ की गोदी मिलती है
(b) खाने को अच्छी-अच्छी चीजें मिलती हैं
(c) खूब घूमना मिलता है
(d) स्कूल नहीं जाना पड़ता

▼ Answer

Answer: (a) छोटी होने से सोने के लिए माँ की गोदी मिलती है।

Question 2.
बच्ची किसके साथ फिरना चाहती है?
(a) अपने भाई के
(b) अपनी बहिन के

(c) अपने मित्रों के
(d) अपनी माँ के

▼ Answer

Answer: (d) अपनी माँ के।

Question 3.
माँ बच्ची को किस प्रकार छलती है?
(a) छोटा बनाकर
(b) बहलाकर
(c) बड़ा बनाकर
(d) अच्छी-अच्छी चीजें देकर

▼ Answer

Answer: (c) बड़ा बनाकर।

Question 4.
माँ बच्ची को अब कौन-सी कहानियाँ नहीं सुनाती?
(a) भालू की
(b) भूत की
(c) परियों की
(d) रामायण की

▼ Answer

Answer: (c) परियों की।

Question 5.
'निस्पृह' का क्या अर्थ है?
(a) बेकार
(b) इच्छा रहित
(c) बे मन से
(d) लगातार

▼ Answer

Answer: (b) इच्छा रहित।